<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–04 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश फार्मा कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया शुभारम्भ। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी वर्चुअल माध्यम से लिया हिस्सा। कहा–विकासोन्मुखी अभियानों से देश में स्वास्थ्य सुविधाओं का हुआ अभूतपूर्व विस्तार।
- मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। सम्भावित बाढ़ और अत्यधिक वर्षा से जुड़ी चुनौतियों को लेकर व्यापक तैयारी तथा समन्वय पर दिया जोर।
- आम बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लखनऊ में की पत्रकार वार्ता। कहा– विकसित और आत्मनिर्भर भारत का विजन डाक्यूमेंट है केन्द्रीय बजट।
- राज्य पुलिस बल में कांस्टेबल सिविल पुलिस और समकक्ष पदों की सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की तिथियां घोषित। जून में दो शिफ्टों में आयोजित होगी परीक्षा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में फार्मा क्षेत्र में निवेश को लेकर आयोजित उत्तर प्रदेश फार्मा कॉनक्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। कॉनक्लेव को वर्चुअली संबोधित करते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत 2047 जैसे अभियानों ने नवाचार और उत्पादन को नई दिशा दी है।

**पिछले वर्षों में भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था का विस्तार अभूतपूर्व रहा है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 62 करोड़ से अधिक लाभार्थी स्वास्थ्य के सुरक्षा के दायरे में है। अब तक 10 करोड़ से अधिक अस्पताल में भर्ती उपचार इस योजना के माध्यम से संभव हुए और 1,30,000 करोड़ से अधिक का स्वास्थ्य व्यय सरकार द्वारा वहन किया गया है, जिससे कमजोर वर्गों को गंभीर आर्थिक बोझ से बचाया जा सका है।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फार्मा उद्योग के लिये उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा बाजार है। राज्य सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क सहित औद्योगिक बुनियादी ढांचे को विकसित कर रही है।

**ललितपुर संसाधनों की दृष्टि से भी बहुत महत्वपूर्ण जनपद होने के नाते हम लोगों ने प्रदेश के पहले फार्मा पार्क के लिए वहां पर लैंड अधिग्रहित किए और अब वहां पर उसे विकसित करके आवंटन की कार्यवाही को हम लोगों ने तेजी के साथ आगे बढ़ाना प्रारंभ किया। मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए देश का जो सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट इसी से सटे हुए लगभग 350 एकड़ के एक क्षेत्रफल में हम लोगों ने मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है और तेजी के साथ इसे हम विकसित कर रहे हैं।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सम्भावित बाढ़ और अत्यधिक वर्षा की चुनौतियों को लेकर व्यापक तैयारी तथा प्रभावी समन्वय पर बल दिया। एक रिपोर्ट

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जितनी बेहतर तैयारी होगी, उतनी ही तेजी और सफलता से बाढ़ और अतिवृष्टि की चुनौती का समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने सभी तटबन्धों, ड्रेनों और संवेदनशील स्थानों की समयबद्ध मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और निगरानी को अनिवार्य बताते हुए कहा कि सभी तटबंधों और बैराजों पर रियल–टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। ड्रोन–मैपिंग, वॉटर लेवल सेंसर और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय को और मजबूत बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां कहीं भी नदी की मेन स्ट्रीम में सिल्ट की अधिकता हो, नदी उथली हो, वहां ड्रेजिंग को प्राथमिकता दी जाए और नदी को चैनलाइज किया जाए। यदि ड्रेजिंग से समाधान होना सम्भव न हो, तभी तटबंध और कटान निरोधी अन्य उपायों को अपनाया जाए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

**********

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश भर के सभी सहायक अध्यापकों की नियुक्ति की गहन जांच करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को जांच प्रक्रिया 6 महीने में पूरी करने को कहा है। न्यायालय ने कहा कि फर्जी पाये जाने वाले शिक्षकों की नियुक्ति तत्काल रद्द की जाये और उनसे वेतन भी वसूल किया जाये।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा है कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा।

**********

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि विकसित भारत युवा नेता संवाद–2026 के दौरान साझा किए गए विचारों ने बजट में कई प्रस्तावों को प्रेरित किया। इस संवाद में लखनऊ के जय वर्धन गोयल और कानपुर की कीर्ति शुक्ला के विचारों को भी शामिल किया गया है। लखनऊ के जय वर्धन गोयल ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की।

**हमारे बहुत सारे आइडियाज इन कॉर्पोरेट हुए जिसमें से एक है भारत विस्तार। भारत विस्तार एंड इंटीग्रेशन ऑफ एग्री स्टैक जो है वो एआई बेस्ड एडवाइजरी बनेगी हमारी किसान भाइयों और बहनों के लिए, जो कि एक बहुत ही अच्छा और टेक्नोलॉजिकल डेवलपमेंट के तरफ में एक स्टेप लिया गया है जो इस बजट में मेंशन किया गया है। दूसरी चीज ये है की जो लखपति दीदी स्कीम थी अब वो सी–मार्ट एफपीओ के माध्यम से जानी जाएगी और इसमें भी एक बढ़ोतरी दिखाई देती है। वूमेन एंटरप्रेन्योरशिप को एक बूस्ट मिलेगा इससे चंदन, कोको और नारियल ये जो क्रॉप्स एंड ग्रोथ है इनके साथ मिलेट्स और मखाना जो हमारे ग्लोबल हेरिटेज क्रॉप्स है विश्व में उनके लिए एक बहुत अच्छे ट्रेड प्लेटफॉर्म्स बनेंगे।**

कानपुर की स्नातक छात्रा कीर्ति शुक्ला ने भी अपना सुझाव शामिल किए जाने पर प्रसन्नता जताई।

**हमारा एक आईडिया था कि मेक इन इंडिया से आगे बढ़कर मेड इन भारत का निर्माण किया जा सके। जो कि उच्च गुणवत्ता की बात करें। ईको फ्रेंडली एनवायरनमेंट को सर्टिफाइड दे सके। आयुर्वेद के लेवल पे एक्सपोर्टर बना सके। वही बजट में भी लिया गया है। हमारा एक सुझाव था एजी को सर्कुलर क्लस्टर बेस्ड एक इको सिस्टम बनाने का, रेयर अर्थ कॉरिडोर एस्टेब्लिश करना हमारा खादी प्रोडक्शन हैंडलूम इंडस्ट्रीज को स्ट्रेंथेन करना भी उन्होंने महात्मा गांधी ग्राम स्वराज इनिशिएटिव के तहत उस फील्ड को स्ट्रेंथेन करने की बात की है। ये मूवमेंट हम सभी यूथ के लिए बहुत गौरवशाली है।**

**********

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा है कि मौजूदा केन्द्रीय बजट सिर्फ आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को हासिल करने का विजन डाक्यूमेंट है। श्री पंकज ने कल लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि पिछले 11 वर्षों में केन्द्र सरकार ने जनसुविधाओं, नवाचार, आर्थिक बढ़ोत्तरी, रोजगार सृजन और समावेशी विकास पर लगातार फोकस किया है।

**इस बजट में अगर देखें तो सात नई हाई स्पीड रेल कॉरिडोर जिसमें दिल्ली वाराणसी, वाराणसी सिलीगुड़ी जो कि उत्तर प्रदेश को इसका लाभ मिलेगा। माल ढुलाई के लिए गति देने के लिए भारत के पूर्वी छोर से लेकर पश्चिमी छोर तक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बनाया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश को भी इसका लाभ प्राप्त होने वाला है।**

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने राज्य पुलिस बल में कांस्टेबल सिविल पुलिस और समकक्ष पदों की बत्तीस हजार छः सौ उन्यासी सीधी भर्ती के लिए लिखित परीक्षा की तिथियों की घोषणा कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार, लिखित परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को प्रतिदिन दो शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने उम्मीदवारों को नियमित रूप से अपडेट के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जाने की सलाह दी है। परीक्षा से संबंधित सभी निर्देश केवल अधिकृत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाएंगे।

**********

प्रदेश भर में मुस्लिम समुदाय द्वारा कल शब–ए–बरात श्रद्धा के साथ मनायी गयी। लोगों ने इस दौरान सभी कब्रिस्तानों में अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए दुआ की। इस अवसर पर प्रशासन ने संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रखे। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि रातभर मस्जिदों और घरों में इबादत का सिलसिला जारी रहा। वहीं, शिया समुदाय ने इमाम ए जमाना की पैदाइश का जश्न मनाय

**********

प्रदेश के कई जिलों में कल मौसम में बदलाव से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश की राजधानी लखनऊ और निकटवर्ती इलाकों के साथ–साथ उन्नाव, अमरोहा, जौनपुर, सहारनपुर, हमीरपुर सहित कई हिस्सों में बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में आज कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आज मौसम शुष्क रहेगा।

**********